## खबर संक्षेप

### लाखों का सामान पार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** दो अलग-अलग फैक्ट्री और मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि गफ्फार कालोनी छावनी चौक लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया में स्वातिक व रानीसति ट्रेडर्स के नाम से राहुल अग्रवाल की फैक्टी है। जहां का ताला तोड़कर अज्ञात ने 13-13 मीटर का 5 बण्डल केबल तार 65 हजार रुपए का गायब कर दिया। दूसरी चोरी सालासर ट्रेडर्स नामक फैक्ट्री से नगद 4 हजार, फैक्ट्री में रखे केबल तार 25 किलो का 1 बण्डल चोरी हो गया। जिसकी कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है। तीसरी चोरी हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी प्रकाश कुमार अपनी वाहन सीजी 07 बीपी 8785 को अपनी बाउण्ड्रीवाल के भीतर रखा था। अज्ञात ने बाउण्ड्रीवाल का ताला तोड़कर भीतर से हार्ड वेयर का सामान कटर मशीन, ड्रील मशीन, दाना मशीन पार कर फरार हो गया है। जिसकी कीमत 30 हजार रुपए आंकी गई है।

### महादेव सट्टा चलाने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** ऑनलाइन महादेव सट्टे की लोटस आईडी 662 चलाने वाले बदमाश युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरा आरोपी फरार है। आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115 (2). 351(2),324 (2),109 (1), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि रिसाली निवासी आरोपी प्रखर चंद्राकर महादेव सट्टा का लोटस आईडी 662 के द्वारा ऑनलाइन सट्टा चलाता है। म्यूल अकाउंट से ठगी करने का मामला सामने आया है। प्रखर और पुलकीत चंद्राकर नामक युवक के साथ मिलकर साजिश के तहत अन्य लोगों के नाम से ठगी किया है। आरोपी प्रखर ऑनलाइन गेम से बैटिंग, ताश, लूडो, क्रिकेट मैच में भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन लेनदेन कर रुपये पैसे का हार-जीत का दांव लगाया करता है। आरोपी प्रखर चंद्राकर आदतन अपराधी और भिलाई नगर का गुंडा बदमाश है। आरोपी के पास से दो मोबाइल, थार वाहन 07 सी.क्यू 0015 जब्त किया है। इसकी कीमत 14 लाख रुपए आंकी गई है।

## आयोजन : ग्राम जिया में आयोजित समाधान शिविर रहा ऐतिहासिक रूप से सफल

# जिया शिविर में 3053 जनसमस्याओं किया निराकरण, योजनाओं से ग्रामीण लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित /"सुशासन तिहार के अंतर्गत बुधवार बेमेतरा विकासखंड के ग्राम जिया में एक दिवसीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और प्रशासन को सीधे जनता के दरवाज़े तक लाना रहा। जिया क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले 10 ग्राम पंचायतों — जिया, जौंग, बहिंगा, अर्जुनी, पथर्रा, बसनी, मटका, चोरभट्टी, ताला आदि के ग्रामीणों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- विधायक दीपेश साहू ने कहा - अब समस्या का समाधान गाँव में ही उपलब्ध

**समाधान शिविर में रिकॉर्ड 3053 आवेदन का निस्तारण :** इस शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 3053 शिकायतों व आवेदनों का निस्तारण किया गया, जिसमें विद्युत, कृषि, रोजगार, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, खाद्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, आपदा प्रबंधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और स्कूल शिक्षा विभाग की समस्याएँ शामिल थीं। प्रशासन ने दिनभर की संयुक्त कार्यवाही से सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया, जिसका सभी के सामने वाचन करके बताया गया ।




### विधायक दीपेश साहू ने किया शिविर का उद्घाटन

शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू के करकमलों से हुआ। उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, /"छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा है कि शासन की योजनाएँ अब सीधे गाँव तक पहुँचें।

अब नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टोरेट के चक्कर नहीं लगाने होंगे, बल्कि समाधान आपके गाँव में ही उपलब्ध होगा।/"उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी स्वयं तपती गर्मी में भी जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और सुशासन तिहार के माध्यम से शासन को आमजन से जोड़ने का कार्य हो रहा है।

### योजनाओं के हितग्राहियों को मिला लाभ

विधायक श्री साहू ने शिविर में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, नोनी सुरक्षा योजना, मनरेगा, आयुष्मान भारत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना सहित अन्य योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, जॉब कार्ड, बैंक पासबुक, स्वास्थ्य कार्ड, प्रमाण पत्र आदि वितरित किए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में भाग लें और योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएँ।

### बिजली और जल संकट पर सख्त रुख

विधायक श्री साहू ने शिविर में सबसे अधिक विद्युत और जलापूर्ति से संबंधित शिकायतें आने पर विद्युत विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को मंच से फटकार लगाई। उन्होंने कहा, /"गर्मी के इन कठिन दिनों में बिजली कटौती और जल संकट किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। यदि अधिकारी समय पर कार्य नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।/" उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि जहां कहीं भी जल संकट की स्थिति है, वहाँ तुरंत बोर खनन या वैकल्पिक जल आपूर्ति की व्यवस्था की जाए। शिविर में रजक विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गजानंद साहू, जनपद पंचायत बेमेतरा अध्यक्ष प्रतिनिधि जय दिवाकर, जिया सोसायटी अध्यक्ष डीई साहब, सहित जिया, बसनी, पथर्रा, बहिंगा, जेवरा आदि 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचगण, जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी, एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्म मौजूद रहे।

## युक्तियुक्तकरण से पूर्व विज्ञान के 79 सहायक शिक्षकों को किया नियमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने युक्तियुक्त करण प्रक्रिया से पूर्व जिले विभिन्न विकासखंडों में कार्यरत सहायक शिक्षक विज्ञान/ सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला ( ई संवर्ग) को उनके 3 वर्ष के परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने के उपरांत उन्हें नियमितिकरण कर दिया गया है। जिले में इनकी संख्या 79 है। जो चारों विकास खंडों में पिछले तीन वर्षों से कार्यरत रहे है। बेरला विकासखंड में ऐसे अध्यापनरत सहायक शिक्षक विज्ञान की संख्या 12 है।

- जिला शिक्षा अधिकारी ने 3 वर्ष की परिवीक्षा अवधि के उपरांत किया नियमित

साजा विकासखंड में सहायक शिक्षक विज्ञान की संख्या 13, बेमेतरा विकासखंड में सहायक शिक्षक विज्ञान की संख्या 24, तथा नवागढ़ विकासखंड में ऐसे सहायक शिक्षक विज्ञान की संख्या 30 है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के द्वारा एक आदेश निकालकर इनकी तीन वर्ष की परिवीक्षावधि को समाप्त कर इन्हें नियमित कर दिया गया है। नियमित किया गए सहायक शिक्षक विज्ञान/ प्रयोगशाला में पोषण कुमार, भुनेश्वरी चंद्राकर, चंद्रकांत, हेमशंकर यादव, ओंकार प्रसाद, नंदकिशोर वर्मा, खेमेश्वरी साहू, नीता साहू, ममता वर्मा, संगीता वर्मा, खेमेश्वरी देवांगन, सिम्मी वैष्णव, मनीषा राजवाड़े, सीमा पटेल, सोनल नामदेव, प्रतिमा अंबादे, विजय कुमार निषाद, याद राम साहू, संजीव कुमार ऋषि, मनीषा गावड़े, लम्पाल भारते, , पुष्पक कन्नौजे, उमा भारती, राजेंद्र गैंद्रे, पुरुषोत्तम पटेल, वंदना वर्मा, प्रीतम कुमार निर्मलकर, ईश्वर प्रसाद यादव, नोहर लाल, किशन, ललित कुमार कोशले, राजा बाबू, रंजू लता राठिया, चंद्र कुमार घृतलहरे, ममता पांडेय, देवेंद्र कुमार, सोनू साय कहरा, अमित कुमार वर्मा, मनोहर लाल, मनीष कुमार, सुनीता देवांगन, दानेश्वर प्रसाद, लोमश कुमार, देवकीनंदन कश्यप, अंजलि यादव, महेंद्र पाल सिंह, अजीत कुमार, सूर्यकांत शुक्ला, गणेश कुमार, अजय कुमार निर्मलकर, भूपेंद्र कुमार सिन्हा, विवेक हरिहरनो, सौरभ कुमार साहू, नोहर साय, अजीत कुमार कश्यप, धनीराम साहू, रितेश कुमारी साहू, परमेश्वर, सृष्टि निगम, रूपल साहू, आरती राय, गंभीर प्रसाद बंजारे, भूपेश कुमार बंजारे, सुनील दत्त कश्यप, इंद्रामणि, टीकम चंद जायसवाल, राकेश कुमार, अमित कुमार तिवारी, विक्रम सिंह, वेदांत कुमार सोन, देवेंद्र कुमार वर्मा, आशीष कुमार तिवारी, श्वेता वर्मा, लिकेश कुमार साहू, आशीष कुमार, मनीष कुमार, टिकेश्वर सिंह डेहरे, अंजू राजपूत के नाम शामिल है।

## बेमेतरा के 6 खिलाड़ी दिल्ली गतका स्पर्धा में दिखाएंगे दम ...



**बेमेतरा।** न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय गतका प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के ग्राम पचभैया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर छह खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय ट्रायल के लिए हुआ है, जो 10 जून को दिल्ली में आयोजित होने वाले गतका स्पर्धा में भाग लेंगे। चयनित खिलाड़ियों में अंडर-19 बालिका वर्ग से कमलेश्वरी साहू, अंडर-22 बालिका वर्ग से पंचवटी चंद्राकर तथा बालक वर्ग से भूपेंद्र कन्नौजे, अक्षय सेन, सुनील साहू और टिकेश्वर रजक शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों ने व्यायाम शिक्षक उपेंद्र सिंह सेंगर व अजय वर्मा के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन किया। विशेष बात यह है कि भूपेंद्र कन्नौजे और अक्षय सेन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कोच की भूमिका भी निभाएंगे।

### सीएसवीटीयू के गोपनीय दस्तावेज सोशल मीडिया पर किया वायरल

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के गोपनीय दस्तावेज सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद नेवई थाने में अपराध दर्ज कराया गया है। कुलसचिव अंकित अरोरा की लिखित शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। शिकायत में शोध प्रकोष्ठ के तत्कालीन कर्मचारी ओपी मिश्रा व अन्य पर संदेह जताया गया है। साथ ही बताया गया है कि विश्वविद्यालय की गोपनीय दस्तावेजों की चोरी कर सोशल मीडिया में पोस्ट की गई। बता दें कि मिश्रा के विरुद्ध सहकर्मी महिला के साथ अभद्रता व महिला उत्पीड़न करने के मामले में गठित जांच समिति ने दोषी पाया था। इसके बाद तत्कालीन कुलपति डॉ. एमके वर्मा ने उनकी सेवाएं समाप्त कर दी थी। विश्वविद्यालय में समस्त प्रशासनिक दस्तावेज स्थापना शाखा तथा कुल सचिव कार्यालय में सुरक्षित रखा जाता है।

## गुरु अर्जन देव की शहादत पर शरबत और प्रसाद का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गुरु गोबिंद सिंह चौक के पास बुधवार को गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल बेमेतरा, धर्म प्रचार कमेटी छत्तीसगढ़ बेमेतरा एवं सिक्ख समाज साध संगत के संयुक्त तत्वावधान में गुरु अर्जन देव की शहीदी गुरूपर्व श्रद्धा और सेवा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राहगीरों के लिए ठंडे मीठे शरबत की छबील और छोले-प्रसाद का वितरण किया गया।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बलिहारी कुदरत वसया भाव के साथ निःशुल्क पौधा वितरण भी किया गया। साथ ही गुरु साहिब के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक प्रदर्शनी झांकी भी



आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में हरजीत सिंह खनूजा (अध्यक्ष), हरदीप सिंह छाबड़ा उर्फ राजा (सचिव), बलवंत सिंह गुंबर, हरभजन सिंह खनूजा, लाभ सिंह सलूजा, वरिंदर सिंह सलूजा, ताराचंद माहेश्वरी, सोनू गुंबर, मनजीत अजमानी, नीटू दत्ता, गुरभेज सिंह सलूजा, कमलजीत सिंह दत्ता, सोहन सलूजा, प्रीतम सिंह हूरा, पप्पी सिंह अजमानी, हरमीत सिंह सलूजा, पार्षद रोशन दत्ता, विकास तंबोली, रश्मि फरेडन्न मिश्रा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। महिला पदाधिकारियों में गुरप्रीत कौर, शैली बबली हूरा, मधुर सलूजा, रूबी सलूजा व गुड़िया अजमानी ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

## राजीव भवन में मनाया गया आतंकवाद विरोधी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा ने मंगलवार को राजीव भवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद के खिलाफ शपथ ली और राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि राजीव गांधी के नेतृत्व में देश ने विज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था, विदेश नीति और पंचायती राज व्यवस्था के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की सोच थी कि लोकतंत्र की जड़ें गांव तक मजबूत हों और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे। इस अवसर पर त्रिस्तरीय पंचायत में निर्वाचित कांग्रेस पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में ललित विश्वकर्मा, रामेश्वर देवांगन, लोकेश वर्मा, संतोष वर्मा, राम बिहारी राजपूत, जितेंद्र उपाध्याय, शशिप्रभा गायकवाड़, माधुरी परगनिहा, शुभम वर्मा, मिथलेश वर्मा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## दो पाली में आज होंगी प्री बीएड एवं प्री डीएलएड की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतर

व्यवसायिक परीक्षा मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा आज 22 मई गुरुवार दो पालियों में आयोजित किये जाने वाले प्री बीएड एवं प्री डीएलएड के आयोजन के लिए जिले में 35 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके लिए केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है।जिले में प्री बीएड में 4 हजार 879 परीक्षार्थी तथा प्री डीएलएड में 8 हजार 146 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे ।

- प्री बीएड एवं प्री डीएलएड परीक्षाओं के लिए जिले में बनाये गये 35 परीक्षा केन्द्र

सभी परीक्षा केन्द्रों में समन्वय संस्था शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा के द्वारा तथा जिला प्रशासन के द्वारा एक-एक आब्जर्वर की भी नियुक्ति कर दी गई है।जिला प्रशासन के द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर दिनांक 22 मई को प्रातः 7:30 बजे से जिला कोषालय से प्रश्न पत्र एवं ओएमआर की पेटी लेकर संबंधित परीक्षा केंद्रों में पहुंचेंगे और परीक्षा के उपरांत वापस उन पेटियों को समन्वय संस्था शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा में जमा करेंगे। जबकि समन्वय संस्था द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर दोनों पालियों में संपन्न होने वाली परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन में अपनी सहभागिता देंगे। प्रथम पाली में 10 बजे 12.15 तक प्री बीएड की परीक्षाएं होंगी तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2:00 से 4:15 तक प्री डीएलएड की परीक्षाएं होंगी।

समन्वय संस्था के प्रोफेसर और मास्टर ट्रेनर्स डी आर साहू ने बताया की सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के लिए व्यापक तैयारी कर ली गई है। आज सभी वीक्षकों को उनके परीक्षा केन्द्रों में प्रशिक्षण दिया गया। दोनों ही परीक्षाओं के लिए परीक्षार्थी अपना मूल प्रवेश पत्र और पहचान के लिए कोई एक मूल आईडी लेकर आएंगे। बिना मूल आईडी/पहचान पत्र के परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। किसी भी परीक्षा केन्द्रों में प्रथम पाली में प्रातः 10:00 बजे और द्वितीय पाली में दोपहर 2:00 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा।परीक्षार्थियों के लिए मोबाइल एवं अन्य डिजिटल डिवाइस पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बेमेतरा जिले में बनाये गए परीक्षा केन्द्रों में शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा, लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय कन्या विद्यालय बेमेतरा, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा, एलंस पब्लिक स्कूल बेमेतरा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शिवलाल राठी बेमेतरा, एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाबा मोहतरा, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा कुसमी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरी, जिला परियोजना लाइवलीवुड चोरभठ्ठी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठिया रांका, प्रेरणा विद्यालय कठिया, शासकीय हाई स्कूल लॉलेसरा, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा, शासकीय पॉलिटेक्निक बेरला, शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेरला, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुसमी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेंजवारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरदा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहभठ्ठा, रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय ढोलिया बेमेतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंधियारखोर, कोदूराम दलित शासकीय महाविद्यालय नवागढ़, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवागढ़, न्यू गुरुकुल अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवागढ़, गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ शामिल है।

एजेन्सी देना है...

हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा जिला के अंतर्गत नांदघाट में एजेंसी देना है।

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।

| हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा | हरिभूमि कार्यालय, रायपुर |
| --- | --- |
| रायपुर रोड चाचा प्रॉपर्टी के पास | धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) |
| मो. 8319154342 | मो. 8224868411 |

### विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी

## सरपंच संघ के अध्यक्ष पिंटू ने विधायक का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

ग्राम पंचायत रेवे के सरपंच रघुवीर 'पिंटू' सिन्हा हाल ही में जनपद पंचायत बेरला सरपंच संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस अवसर पर उन्होंने विधायक दिपेश साहू से सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद लिया और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्री सिन्हा ने कहा विधायक श्री साहू का मार्गदर्शन और प्रेरणा ने हमेशा हमें जनसेवा के लिए प्रेरित किया है। आज जो विश्वास जनपद क्षेत्र के समस्त सरपंच साथियों ने मुझ पर जताया है, वह मेरे लिए गर्व और ज़िम्मेदारी दोनों का विषय है। मैं सभी सरपंच साथियों का धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने मुझे यह अवसर प्रदान किया। मैं आप सभी के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।"इस अवसर पर विधायक दिपेश साहू कहा रघुवीर 'पिंटू' सिन्हा का सरपंच संघ अध्यक्ष चयन उनके कार्य के प्रति निष्ठा, जनसेवा की भावना और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में सरपंच संघ जनसमस्याओं के समाधान हेतु और भी अधिक सशक्त तरीके से कार्य करेगा।"विधायक श्री साहू ने यह भी कहा कि ग्राम पंचायतों की भूमिका ग्रामीण विकास की रीढ़ होती है। जब नेतृत्व मजबूत और प्रतिबद्ध होता है, तो विकास के रास्ते स्वतः बनते हैं। मैं हमेशा जनप्रतिनिधियों और पंचायतों के साथ खड़ा हूँ, और क्षेत्र के हर पंचायत वासियों की प्रगति हेतु निरंतर कार्य करता रहूंगा।"भेंट के दौरान जनपद पंचायत बेरला क्षेत्र के अनेक सरपंचगण, जनप्रतिनिधि व स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



